महिला, बालिका सुरक्षा व सम्मान की दिशा में पुलिस का प्रयास

- मिशन शक्ति 5 के तहत चलाया जागरुकता अभियान

डेली न्यूज़ नेटवर्क

विद्यालय में महिलाओं को जागरुक करती महिला पुलिस

श्रावस्ती। शासन के आदेश पर पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देश पर मिशन शक्ति 5 के तहत पुलिस का महिजलाओं को जागरूक करने का प्रयास जारी हैं। एसपी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र गौतम व क्षेत्राधिकारी सतीश कुमार शमा व भरत पासवान सहित अन्य अधिकारियों के कुशल पर्यवेक्षण में जिले के गांव चौपाल,चौराहे व विद्यालयों में कई गोष्ठी व सम्मेलन आयोजित किये जा चुके है। महिला बालिकाओं के सम्मान से लेकर साइबर फ्राड के सतर्कता तक गांव व शहर में चौपाल लगाकर जागरूक कर रही है। महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने का अभियान जारी है। इस क्रम में सोमवार को श्रावस्ती पुलिस ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को तथा विद्यालयों में बालिकाओं का जागरूक कर रही है। तथा आजकल चल रहे साइबर फ्राड के बारे में भी जागरूक कर रही है। महिलाओं को पम्पलेट बांटे महिलाओं को उनके अधिकारों तथा सुरक्षा एवं सशक्त बनने के प्रति जागरूक कियां। महिलाओं को आत्म रक्षा,आत्म निर्भरता एवं अधिकारों के प्रति जागरूक कियां। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम,के मार्ग दर्शन एवं क्षेत्राधिकारी गणों के पर्यवेक्षण में यह अभियान जिले भर में जारी है। इस अवसर पर महिलाओं को बताया गया कि नारी सशक्त होगी तो समाज और राष्ट्र स्वत: सशक्त होगां कार्यक्रम में प्रतिभागी महिलाओं व किशोरियों को आत्म रक्षा साइबर सुरक्षा सरकारी कल्याणकारी योजनाओं एवं संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया गयां। इसी के साथ गुड टच बैड टच की जानकारी, साइबर हेल्प लाइन 1930,महिला हेल्प लाइन 1090, 181, 112, 108, 1098, 102 तथा मुख्यमन्त्री हेल्प लाइन 1076 की जानकारी दी गयी। स्वयं पर विश्वास ही नारी की सबसे बड़ी शक्ति है महिला पुलिस द्वारा महिलाओं एवं छात्राओं को प्रेरणा देने के उददेश्य से हर परिस्थत में निडर,सजग और आत्म सम्मान पूंर्ण जीवन जीने का संदेश दिया गया। श्रावस्ती पुलिस का यह अभियान नारी चेतना, सुरक्षा एवं सशक्तीकरण की दिशा में एक मजबूत एवं सराहनीय प्रयास है जब नारी जागरूक होगी तभी समाज सशक्त बनेगा। यह सम्मेलन भिनगा, इकौना, गिलोला, मल्हीपुर, सिरसिया, हरदत्त नगर गिरण्ट, श्रावस्ती सहित कई स्थानों पर आयोजित किया गयां।